# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04 अक्टुबर 2023 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए कुशीनगर में जल्द स्थापित होगा कृषि विश्वविद्यालय। धनराशि की गयी स्वीकृत।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का किया शुभारम्भ। कहा– छः वर्ष पहले जापानी इंसेफेलाइटिस से होती थीं सैकड़ों मौत, आज प्रदेश में जेई का एक भी मरीज नहीं।
- भारतीय वायुसेना आठ अक्टूबर को प्रयागराज में करेगी भव्य एयर शो का आयोजन। सौ से अधिक विमान होंगे शामिल।
- वाराणसी के सभी गंगा घाटों पर सत्ताइस नवंबर को आयोजित होगा देव दीपावली महोत्सव।
- पूर्वांचल के कई जिलों में दो दिनों से रिमझिम वर्षा का दौर जारी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उनकी सरकार किसानों की समृद्धि के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों की खुशहाली के लिए जल्द ही कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। इसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। मुख्यमंत्री कल गोरखपुर में महायोगी कृषि विज्ञान केंद्र में विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**यहां पर अनेक परियोजनाओं का शुभारम्भ हो रहा है। इससे यहां के किसानों के प्रशिक्षण के लिये, किसानों के आवासीय योजना के लिये और यहां पर नये तरीके से खेती को हम लोग किसान के लिये उपयोगी कैसे बना सकते हैं, इसके लिये इस कृषि विज्ञान केन्द्र में तमाम योजनाओं का लोकार्पण केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से प्रारम्भ हो रहा है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसानों के लिये इस क्षेत्र में अनेक सम्भावनाएं बन सकें इसी के लिये हमारी सरकार ने तय किया है कि कुशीनगर में एक नया कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो और इसके लिये धनराशि हम लोग स्वीकृत कर चुके हैं। बहुत शीघ्र इस कार्यक्रम को हम आगे बढ़ाने जा रहे हैं।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो हजार चौदह में देश की बागडोर संभालते ही सबसे पहला कार्य किसानों के लिए किया था। उन्होंने किसानों को मिट्‌टी के स्वास्थ्य की जांच के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराए थे। श्री योगी ने कहा कि आज किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने एकदिवसीय किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र और किट प्रदान किए। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी उपस्थित रहे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के बीआरडी मेडिकल कॉलेज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारम्भ किया। इकतीस अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रदेशव्यापी अभियान के लिये श्री योगी ने जन–जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्तर्विभागीय समन्वय से आज प्रदेश में जापानी इंसेफेलाइटिस जैसी गम्भीर बीमारी समाप्ति की कगार पर है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी का आज एक भी मरीज नहीं है और जल्द ही जापानी इंसेफेलाइटिस के उन्मूलन की घोषणा की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार ने कुपोषण और गन्दगी की समस्या को दूर करने के लिये हर घर दस्तक अभियान चलाया, जिसके परिणाम आज सबके सामने हैं।

***हर बीमारी की जड़ है कुपोषण, गंदगी और कुपोषण। कुपोषण के खिलाफ महिला और बाल विकास के माध्यम से एक अभियान चलाना और आप सभी ने जब जिम्मेदारियों का निर्वहन किया तो परिणाम सबके सामने है। आज से 5 वर्ष पहले इसी सीजन में अकेले इस बीआरडी मेडिकल कॉलेज में 500 से 600 इंसेफेलाइटिस के मरीज होते थे और मृतकों की संख्या भी लगातार बढ़ती थी, लगातार बढ़ती थी। जब यह सीजन 15 नवंबर के बाद समाप्त होता था, तब तक 500–600 मौतें हो चुकी होती थीं लेकिन आज मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जापानी इंसेफेलाइटिस का एक भी पेशेंट आज के दिन में नहीं है। एक्यूट इंसेफेलाइटिस के जो मामले आ रहे हैं उसमें हमने दोनों उपाय किए हैं, एक सर्विलांस को मजबूत किया है, इंसेफेलाइटिस टीटमेंट सेंटर चल रहे हैं, मिनी पीकू हर जगह स्थापित हुए हैं। कुछ सरकार ने किए हैं, डबल इंजन की सरकार ने किए हैं, कुछ सीएसआर से स्थापित हुए हैं।***

श्री योगी ने कहा कि सोलह अक्टूबर से इकतीस अक्टूबर तक आशा कार्यकत्रियां घर–घर जाकर दस्तक अभियान के माध्यम से बीमारियों से ग्रसित लोगों को चिन्हित कर उनके उपचार की व्यवस्था में सहयोग करेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर वर्ष दो हजार पच्चीस तक टीबी को भी जड़ से समाप्त करना है। उन्होंने इसके लिये

जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ और आम नागरिकों से अपने आसपास टीबी से पीड़ित मरीजों को गोद लेकर स्वास्थ्य विभाग के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान का हिस्सा बनने की अपील की।

**********

संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत कल प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किये गये। वाराणसी में विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने भेलूपुर स्थित स्वामी विवेकानंद मेमोरियल राजकीय चिकित्सालय से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, पंचायती राज विभाग समेत दस विभागों की टीम तैनात की गईं हैं, जो घर–घर जाकर बीमारियों की रोकथाम के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी।

हमीरपुर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्नाव में मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज ने जिला संयुक्त चिकित्सालय में अभियान के अंतर्गत लोगों को साफ–सफाई और स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

**********

भारतीय वायुसेना के इक्यानबे–वें स्थापना दिवस पर प्रयागराज में आठ अक्टूबर को एयर शो आयोजित किया जायेगा। प्रयागराज में पहली बार होने वाले इस एयर शो में भारतीय वायुसेना के सौ से अधिक विमान शामिल होंगे। यह जानकारी कल सेन्ट्रल एयर कमांड के एयर मार्शल आरजीके कपूर ने दी। वो एयर शो के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिये प्रयागराज में बम्हरौली से संगम के वीवीआईपी घाट तक एयरफोर्स के जवानों और अधिकारियों द्वारा निकाली गई साइकिल रैली में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

**********

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र नई दिल्ली समेत प्रदेश के पश्चिमी जिलों में कल भूकंप के झटके महसूस किए गए। गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बिजनौर, अलीगढ़, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली, सहारनपुर सहित प्रदेश के तीस जिलों में लोगों ने दोपहर लगभग तीन बजे भूकंप के झटके महसूस किए। भूकंप का केंद्र पड़ोसी देश नेपाल में पांच किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। पहला भूकंप दोपहर दो बजकर पच्चीस मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर चार दशमलव छः दर्ज की गयी। भूकंप का दूसरा झटका दो बजकर इक्यावन मिनट पर आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता छः दशमलव दो दर्ज की गयी। भूकंप से नेपाल में कुछ मकान ढह गए लेकिन देश में कहीं भी किसी तरह के नुकसान के समाचार नहीं हैं।

**********

वाराणसी में आगामी सत्ताइस नवंबर को देव दीपावली का भव्य आयोजन होगा। काशी के सभी घाटों पर देव दीपावली महोत्सव आयोजित किया जाएगा। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में प्रशासन की गंगा महोत्सव समिति की ओर से सभी पक्षों से वार्ता के बाद यह फैसला किया गया।

**********

आयुष्मान भव अभियान के अंतर्गत देश में करीब चौंसठ हजार लोगों ने अंगदान करने का संकल्प लिया है। यह अभियान इस वर्ष सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाया गया।

**********

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आगामी उन्नीस अक्टूबर को लखनऊ में बाइस किलोमीटर की नशा मुक्त हाफ मैराथन का आयोजन होगा। यह हाफ मैराथन दुबग्गा चौराहे से भिठौली चौराहा होते हुए वापस दुबग्गा चौराहे पर समाप्त होगी। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने बताया कि मैराथन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः तीन लाख, दो लाख और एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।

**********

गोरखपुर, कुशीनगर, जौनपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में पिछले दो दिनों से हो रही रिमझिम वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान भी पूर्वांचल में छिटपुट वर्षा होने का अनुमान जताया है।

**********

फर्रूखाबाद में सिख लाइट रेजीमेंट के तीन सौ अग्निवीर छः माह के सफल प्रशिक्षण के बाद भारतीय सेना में शामिल हो गए। ब्रिगेडियर सीएस अग्रवाल ने कल उनकी पासिंग आउट परेड की सलामी ली।

**********

प्रदेश के सूचना और जनसंपर्क विभाग ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में प्रदर्शनी लगायी हैं। लखीमपुर खीरी जिले में सदर विधायक योगेश वर्मा ने कल कलेक्ट्रेट परिसर में लगी तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

**********